# कार्यालय स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय सोसायटी बांसकोट
## जिला–कोण्डागाँव (छत्तीसगढ़)

क्रमांक /4488/ स्वा.आ./स्था./विज्ञापन/2022–23 कोंडागांव, दिनांक 17/05/2023

::विज्ञप्ति::

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नया रायपुर के आदेश क्रमांक/F23–08/2020/20–दो/1927 नवा रायपुर, दिनांक 16/05/2023, के तहत स्वीकृत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय बांसकोट के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल सोसायटी से अनुमोदन उपरांत निम्नानुसार अस्थायी रूप से व्याख्याता, शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, सहायक शिक्षक तथा ग्रंथपाल पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा आधार पर किया जाना है। प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों का Walk in Interview पद नाम के सम्मुख दर्शित तिथि को दिनांक 01/06/2023 से 02/06/2023 तक आयोजित किया जावेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बांसकोट

| स.क्र. | पदनाम | संविदा नियुक्ति की स्थिति में मानदेय | पद संख्या | अनारक्षित | अ0ज0जा0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | व्याख्याता हिन्दी | 38100/– | 1 | 1 | – |
| 2 | व्याख्याता संस्कृत | 38100/– | 1 | 1 | – |
| 3 | व्याख्याता अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | 38100/– | 1 | 1 | – |
| 4 | व्याख्याता गणित (अंग्रेजी माध्यम) | 38100/– | 1 | 1 | – |
| 5 | व्याख्याता सामा0 विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 38100/– | 1 | 1 | – |
| 6 | व्याख्याता जीवविज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 38100/– | 1 | 1 | – |
| 7 | व्याख्याता भौतिक (अंग्रेजी माध्यम) | 38100/– | 1 | 1 | – |
| 8 | व्याख्याता रसायन विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 38100/– | 1 | 1 | – |
| 9 | व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) | 38100/– | 2 | 1 | 1 |
| 10 | शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) | 35400/– | 1 | 1 | – |
| 11 | शिक्षक गणित (अंग्रेजी माध्यम) | 35400/– | 1 | 1 | – |
| 12 | शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | 35400/– | 1 | 1 | – |
| 13 | शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 35400/– | 1 | 1 | – |
| 14 | शिक्षक कम्प्यूटर (अंग्रेजी माध्यम) | 35400/– | 1 | 1 | – |
| 15 | व्यायाम शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | 35400/– | 1 | 1 | – |
| 16 | सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) | 25300/– | 1 | 1 | – |
| 17 | सहायक शिक्षक गणित (अंग्रेजी माध्यम) | 25300/– | 1 | 1 | – |
| 18 | सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 25300/– | 1 | 1 | – |
| 19 | सहायक शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | 25300/– | 1 | 1 | – |
| 20 | सहायक शिक्षक हिन्दी | 25300/– | 1 | 1 | – |
| 21 | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला (अंग्रेजी माध्यम) | 25300/– | 2 | – | 2 |
| 22 | ग्रंथपाल (अंग्रेजी माध्यम) | 22400/– | 1 | 1 | – |

**न्यूनतम शैक्षणिक अर्हतायेः–** अभ्यर्थी के पास संविदा भर्ती के सेवा के लिये निम्नानुसार न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएँ निर्धारित की जाती हैः–

**क. व्याख्याता**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में अंग्रेजी माध्यम से द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर एवं बी.एड.। अंग्रेजी माध्यम में प्रारंभिक अध्ययन किए अभ्यार्थियों को वरीयता दीं। व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत हेतु अंग्रेजी माध्यम की बाध्यता नहीं होगी।

अंग्रेजी माध्यम से अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में हिन्दी माध्यम के अभ्यार्थी जिन्हें कम से कम 03 वर्ष अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अध्यापन का अनुभव हो, को वरीयता क्रम में स्थान दिया जावेगा।

**ख. शिक्षक**

Scanned with OKEN Scanner

ख. शिक्षक

1. न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ अंग्रेजी माध्यम से संबंधित विषय में स्नातक उपाधि तथा डी.एड. या बी.एड. या बी.एल.एड. या डी.एल.एड. उत्तीर्ण।
2. टी.ई.टी. उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को प्राथमिकता ।
3. अंग्रेजी माध्यम से प्रारंभिक अध्ययन किए अभ्यार्थियों को वरीयता प्रदान की जावेगी।
4. कंडिका (1), (2), तथा (3) के अनुसार अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में हिन्दी माध्यम योग्यता धारी अभ्यार्थियों जिन्होंने मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में कम से कम तीन वर्ष अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन करने का अनुभव हो। अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन करने की क्षमता होनी चाहिए।

ग. शिक्षक कम्प्यूटर

1. मान्यता प्राप्त संस्था अथवा विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषय में स्नातक अथवा कम्प्यूटर विज्ञान विषय में इंजीनीयरिंग स्नातक। अंग्रेजी माध्यम से प्रारंभिक अध्ययन किए अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी।

घ. व्यायाम शिक्षक

1. मान्यता प्राप्त संस्था अथवा विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी से अंग्रेजी माध्यम में बी0पी0एड0 अथवा समकक्ष योग्यता ।
2. मान्यता प्राप्त संस्था अथवा विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी से अंग्रेजी माध्यम में स्नातक तथा डी0पी0एड0 योग्यता ।
3. कंडिका (1) तथा (2) के अनुसार अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में हिन्दी माध्यम योग्यता धारी अभ्यार्थियों जिन्होंने मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कम से कम तीन वर्ष व्यायाम शिक्षक के रुप में कार्य किया हो। अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

च. सहायक शिक्षक

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ अंग्रेजी माध्यम से संबंधित विषय में उच्चतर माध्यमिक परीक्षा अथवा डी.एड. या बी.एड. या बी.एल.एड. या डी.एल.एड. उत्तीर्ण।
2. सहायक शिक्षक हिन्दी हेतु माध्यम की बाध्यता नहीं होगी।
3. टी.ई.टी. उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को प्राथमिकता ।
4. कंडिका (1) के अनुसार अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में हिन्दी माध्यम योग्यता धारी अभ्यार्थियों जिन्होंने मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में कम से कम तीन वर्ष अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन करने का अनुभव हो। अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन करने की क्षमता होनी चाहिए।

छ. सहायक शिक्षक प्रयोगशाला

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ अंग्रेजी माध्यम से जीवविज्ञान अथवा भौतिकी अथवा रसायन विज्ञान विषय के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा अथवा इसके समकक्ष उत्तीर्ण।

ज. ग्रंथपाल

1. मान्यता प्राप्त संस्था अथवा विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी से अंग्रेजी माध्यम में उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं पुस्तकालय योजना (बी0लिब0 अथवा डी0लिब0) का प्रमाण पत्र।

वॉक इन इन्टरव्यू–

| क्र | दिनांक | स्थान | साक्षात्कार पद | दस्तावेज सत्यापन एवं पंजीयन प्रक्रिया | साक्षात्कार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01/06/2023 दिन– गुरुवार | स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामकोटपारा कोंडागांव | व्याख्याता व्यायाम शिक्षक कम्प्यूटर शिक्षक | प्रातः 10.00 से 11.30 बजे तक | अपराह्न 01.30 से ........................ |
| 2 | 02/06/2023 दिन– शुक्रवार | | शिक्षक ग्रंथपाल सहायक शिक्षक सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला) | प्रातः 10.00 से 11.30 बजे तक | अपराह्न 01.00 से ........................ |

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

Scanned with OKEN Scanner

चयन प्रकिया :– चयन हेतु चयन समिति द्वारा निम्न प्रक्रिया अपनाई जावेगी।

| क्र | पद नाम | शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के वेटेज निर्धारित अंक प्रतिशत में | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हायर सेकेण्डरी | स्नातक | स्नातकोत्तर | साक्षात्कार | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | व्याख्याता | — | 30 | 50 | 20 | 100 |
| 2 | शिक्षक, शिक्षक (कम्प्यूटर), व्यायाम शिक्षक | 30 | 50 | — | 20 | 100 |
| 3 | सहायक शिक्षक | 80 | — | — | 20 | 100 |
| 4 | सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला), ग्रंथपाल | 80 | — | — | 20 | 100 |

उपरोक्तानुसार अकादमिक अंको के वेटेज एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन किया जायेगा।

**नियम व शर्तें :–**

1. विज्ञापित पदों को सर्वप्रथम प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाएंगे। प्रतिनियुक्ति हेतु अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में रिक्त पदों को संविदा आधार पर भरा जाएगा।
2. सहायक शिक्षक/सहायक शिक्षक प्रयोगशाला/ग्रंथपाल पद हेतु कोंडागाँव जिले के निवासी अभ्यर्थियों को चयन में प्राथमिकता दी जावेगी। प्राथमिकता का आशय प्रथमतया कोण्डागांव जिले के अभ्यर्थियों के आवेदनों पर चयन हेतु विचार किया जावेगा। सहायक शिक्षक पद हेतु कोंडागाँव जिले के अभ्यर्थियों से पदों के अनुरुप आवेदन प्राप्त नहीं होने पर ही बस्तर संभाग अन्तर्गत अन्य जिलों के आवेदकों के आवेदनों पर विचार किया जावेगा। कोंडागाँव जिला एवं बस्तर संभाग स्तर पर पदों के अनुरुप पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होने पर ही छत्तीसगढ राज्य स्तर के आवेदकों के आवेदनों पर चयन हेतु विचार किया जायेगा।
3. शिक्षक/कम्प्यूटर शिक्षक/व्यायाम शिक्षक हेतु बस्तर संभाग अन्तर्गत जिलों के आवेदकों के आवेदनों पर विचार किया जावेगा। संभाग स्तर पर पदों के अनुरुप पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होने पर ही राज्य स्तर के आवेदकों के आवेदनों पर चयन हेतु विचार किया जायेगा।
4. व्याख्याता पद हेतु राज्य स्तर के आवेदकों के आवेदनों पर चयन हेतु विचार किया जायेगा।
5. संविदा से चयनित शिक्षकों को अन्य नियमित शिक्षकों की भांति शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा मूल्यांकन, शालेय गतिविधियां आदि से भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। जिसके लिये अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं होगी।
6. संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार की सुविधा/भत्ता प्रदाय नही किया जावेगा।
7. आवेदन में आवेदक अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा।
9. अनुसूचित जनजाति का सदस्य होने पर जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
10. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी जिले में रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होगा अनिवार्य होगा।
11. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किये जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
12. यह संविदा नियुक्ति 30 अप्रैल 2024 तक के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यदक्षता, कार्यक्षमता एवं आचरण/व्यवहार के आधार पर दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि आगामी सत्र के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
13. यह संविदा भर्ती सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ.9–1/2012/1–3 दिनांक–31 दिसम्बर 2012 के अनुसार संविदा भर्ती के संबंध में जारी समस्त शर्तें लागू होगी।
14. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा भर्ती) नियम 2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।
15. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।

Scanned with OKEN Scanner

16. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
17. रिक्त पदों की संख्या घट–बढ़ एवं विलोपित हो सकती है, इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।
18. संविदा शिक्षक/कर्मचारियों को सीधी भर्ती द्वारा नियमित पदों की नियुक्ति में कोई दावेदारी नहीं होगी।
19. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2023 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2023 की स्थिति में की जावेगी। उम्र की पुष्टि हेतु 10 वीं की अंक सूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिये लागू होंगे।
20. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप (निर्धारित आवेदन प्रारूप ही मान्य होगा) तथा नियम–शर्ते कोडागांव जिले के वेबसाईट www.kondagaon.gov.in एवं जिला शिक्षा कार्यालय कोण्डागाँव के सूचना पटल पर देखा जा सकता हैं।
21. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति कोण्डागाँव को होगा।
22. शासकीय सेवा में कार्यरत कर्मचारियों को नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
23. यह नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन रहेगा।
24. किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालन प्रबधन समिति
जिला–कोण्डागांव (छ0ग0)

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

Scanned with OKEN Scanner